# भ्रमण आख्या

## जनपद जौनपुर– दिनांक 05–07 सितम्बर, 2017

### निरीक्षणकर्ता :–

1. डा. अर्चना वर्मा, महाप्रबंधक, क्वालिटी एश्योरेंस
2. डा0 साधना, संयुक्त निदेशक, आर.सी.एच.
3. डा0 प्रीति मदान, कसंल्टेंट पब्लिक हेल्थ, क्वालिटी एश्योरेंस

# भ्रमण रिपोर्ट

मिशन निदेशक के निर्देशानुसार सर्पोटिव सुपरविजन के अन्तर्गत डा0 अर्चना वर्मा, (जी0एम0, क्यू0ए0), डा0 साधना सिंह, (जे0डी0, एम0सी0एच0), डा0 प्रीती मदान (स्टेट कन्सल्टेण्ट, क्वालिटी एस्योरेंस), लखनऊ के द्वारा जनपद जौनपुर का भ्रमण दिनांक 05–07 सितंबर 2017 को किया गया। भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुगरा बादशाहपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंकरारा, जिला पुरूष चिकित्सालय, सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र डोभी, जिला महिला चिकित्सालय जौनपुर तथा उपकेंद्र चंदवक का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान डिविजनल कन्सल्टेण्ट वाराणसी डा0 आर0पी0के0 सोलंकी, डा0 तनवीर सिद्धिकी के साथ डा0 क्षितिज कुमार पाठक, डिस्ट्रिक्ट कन्सल्टैण्ट जनपद जौनपुर एवं डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम सहायक राम राज मिश्रा उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान उपरोक्त चिकित्सालयों में भ्रमण किया गया, जहॉ निम्न बिन्दुओं पर जॉच करते हुए उसमें सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

## जिला महिला चिकित्सालय–जौनपुर

### इमरजेंसी कक्ष/ लेबर रूम

1. लेबर रूम मे स्टाफ के बैठने की जगह पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नही थी एवं दीवारों मे सीलन तथा विद्युत तार लटकती हुयी पायी गयी जिसको सुधारने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिये गये।
2. लेबर रूम में टेबल के पायदान की सफाई क्लीनिंग स्टाफ द्वारा नही करायी गयी जिसके लिये मैट्रन इंचार्ज को निर्देश दिये गये।
3. चिकित्सालय की मैट्रेन यूनिफार्म में नहीं थी तथा उनके द्वारा नियमित भ्रमण नहीं किया जा रहा है। कई कक्ष बंद पाये गये। मैट्रेन के कक्ष में लिनेन, जंग लगे उपकरण एवं कंडम समान भारी मात्रा में रखा हुआ पाया गया।
4. लिनेन मैनेजमेंट चिकित्सालय में प्रयोग होने वाले सभी कक्षों में साफ एवं गंदे लिनेन एक साथ रखे हुए थे, जिससे इन्फेक्शन फैलने का खतरा ज्यादा होता है।
5. लेबर रूम मे खिड़की के टूटे हुये कांच को बदलने हेतु निर्देशित किया गया।
6. लेबर रूम मे एअर कंडिशनर की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया गया।
7. स्टैंडिंग शैडोलेस लैंप की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।
8. लेबर रूम मे मरीजो की निजता बनाये रखने हेतु परदे लगवाने हेतु निर्देश दिया गया।
9. सक्शन मशीन खराब पायी गयी जिसे तुरंत ठीक करवाने हेतु निर्देशित किया गया।
10. राज्य स्तर से प्रेषित उपकरणों की क्रियाशीलता जांचने संबंधी चेकलिस्ट इंचार्ज से मांगने पर नही मिली जिसे तुरंत क्रियान्वयन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
11. लेबर रूम मे पेंट करवाने हेतु कहा गया।
12. बेबी कार्नर एवं 7 ट्रे की व्यवस्था एक लंबे टेबल पर करनै के लिये कहा गया।
13. ऑटोक्लेव का प्रेशर वाल्व नही चल रहा था जिसे इचार्ज को तुरंत बदलवाने हेतु कहा गया।
14. सफाई कर्मियों द्वारा यूटीलिटी ग्लव्स का प्रयोग करने हेतु मैट्रन/लेबर इंचार्ज को निर्देश दिया गया।
15. फ्रिज की साफ सफाई ठीक प्रकार से नही पायी गयी जिस पर उसे तुरंत साफ करने हेतु कहा गया। टैपरेचर इंडीकेटर लगवाने हेतु कहा गया।
16. इंजेक्शन आक्सीटोसिन/मीजोप्रास्ट 15 दिन से खत्म था जिसकी आपूर्ति के माध्यम से कराने को कहा गया।
17. बायोमेडिकल बिन्स का प्रयोग एवं वेस्ट का सेग्रिगेशन नियमानुसार नही किया जा रहा है।









**ओपीडी0**

1. ओपीडी मे साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं पायी गयी।
2. मरीजो के लिये बैठने की पर्याप्त व्यवस्था पायी गयी।

**प्रयोगशाला**

1. प्रयोगशाला में जोंनिग प्रबन्धन( 5 एस ) को प्रभावी करने हेतु निर्देशित किया गया।
2. प्रयोगशाला में बायोमेडिकल वेस्ट` में नीडिल जैसे शार्प वेस्ट को सही तरीके से निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।
3. प्रयोगशाला में पंखे खराब थे, जिन्हें सुधरवाने हेतु निर्देशित किया गया।
4. लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा था, जिसके सम्बंध में निर्देश दिये गये।

**फार्मेसी स्टोर/दवा वितरण कक्ष**

1. फार्मेसी बंद पायी गयी। फार्मेसी की चाबी हास्पिटल में उपलब्ध नहीं थी। इस कारणवश फार्मेसी स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं था।

**पी0पी0सेंटर**

1. पी0पी0सी0 सेंटर बंद पाया गया । बताया गया कि इंचार्ज अपने विभाग की चाबी घर ले जाते हैं। आधे घण्टें प्रतीक्षा करने उपरान्त भी पी.पी. सेंटर को खोल कर दिखाने में असमर्थ रहा।

**ओ0टी0:–**

1. ओ0टी0 मे लिनेन/गॉजपीस/मैप खुले छत मे जमीन पर फैलायी हुयी मिली तथा स्वीप्रेस/वार्ड आया द्वारा क्लोरीन से विसंक्रित भी नही किया जा रहा था ओ0टी0इंचार्ज नही पायी गयी जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षका को इसके व्यापक प्रबंधन हेतु निर्देशित किया गया।

2. ओ0टी0 में खिडकियां खुली पायी गयी जो कि बंद होनी चाहिये थी एवं ओटी खुले वातावरण मे थी जिसे बंद स्थान मे स्थानांतरित करवाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि संक्रमण से बचाव किया जा सके।
3. प्रकाश एवं सफाई की व्यवस्था असंतोशजनक थी।
4. इन्फेक्शन कंट्रोल सम्बंधी व्यवस्थायें पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।
5. शैडोलेश लैंप ओटी मे नही था जिसको क्रय करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को निर्देश दिया गया ।
6. बायोमेडिकल वेस्ट का अलगाव सही तरीके से नही किया जा रहा है।
7. पुराने ओ0टी0 मे प्रयोग हुये लीनेन ड्रेंप सीट आदि खराब अवस्था मे पाये गये इंचार्ज द्वारा बताया गया कि लांड्री वाले के द्वारा कपडों का उठान समय से नही किया जा रहा जिसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मैट्रन तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को निर्देश दिया गया।





क्रमित करवा के प्रयोग मे लाने हेतु निर्देश दिया गया ।

**एस0एन0सी0यू0–**

1. एस0एन0सी0यू0 अभी बन रहा है एवं के0एम0सी0 कार्नर को स्थापित करने हेतु स्थान आरक्षित कर दिया गया है तथा बजट की मांग राज्य स्तर से किये जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिये गये।

**जे0एस0वाई0वार्ड–**

1. जे0एस0वाई0 वार्ड के बेड अत्याधिक पास–पास पाये गये एवं नर्सिंग स्टेशन की व्यवस्था भी नही थी जिनकी मरम्मत एवं व्यवस्था सुनिष्चित करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को कहा गया।
2. उपयोग की गयी हुयी चादरों को निस्तारण सही तरीके से नही किया जा रहा है जिसके लिये मैट्रन को निर्देश दिये गये।
3. जे.एस.वाई. वार्ड में आई.ई.सी. लगवाने हेतु कहा गया।
4. जे0एस0वाई0 वार्ड में साफ–सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था सन्तोषजनक नही पायी गयी।





## सर्जिकल वार्ड–

1. सर्जिकल वार्ड मे यूरो बैग फटे हुये एवं स्टील के कंटेनर मे पाये गये जो कि बेड से बंधे होना चाहिये था जो कि 2 से 4 घंटे मे आया/स्वीप्रेस द्वारा खाली किया जाना चाहिये ।
2. सिस्टर इंचार्ज/स्टाफ नर्स के कमरे मे तीन लिनेन ट्राली पायी गयी जो कि प्रयोग नही की जा रही है एवं स्वाइल्ड चादरें/लीनेन खराब स्थिति मे पायी गयी इचार्ज से पूंछने पर बताया गया कि लांड्री वाला सप्ताह मे केवल 1 ही दिन लेकर जाता है चूकि यह संक्रमण फैलने का कारण है उक्त के संबंध मे लांड्री की व्यवस्था सही करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया गया तथा मैट्रेन को लिनेन ट्रॉली ओ.टी. लेबर रूम तथा वार्ड में दिये जाने हेतु कहा गया।
3. बायोमेडिकल बिन्स का प्रयोग एवं वेस्ट का अलगाव सही तरीके से नही किया जा रहा है।




## हास्पिटल अपकीप–

1. एरिया मे हर्बल गार्डेन की व्यवस्था की गयी है, परंतु वहां पर नालियां खुली हुयी है जिसको ढंकने हेतु कहा गया।
2. पूरे चिकित्सालय परिसर की सफाई व्यवस्था देखकर असन्तोष व्यक्त किया गया।
3. बायोमेडिकल वेस्ट कक्ष की व्यवस्था नियमानुसार नही थी जिसे नियमानुसार करवाने हेतु निर्देशित किया गया ।
4. हास्पिटल के पाइपलाइन के लीकेज/पुराने खराब पड़े षौचालयों एवं उगी हुयी घास,पौधों और खुली नालियो को को सुधरवाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये गये।
5. पार्किंग की व्यवस्था संतोशजनक नही पायी गयी, जिसको व्यवस्थित करवाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को निर्देश दिये गये।
6. चिकित्सालय परिसर में बने हुए टॉयलेट के रास्ते में बड़ी–बड़ी झाडियां उगी हुई थी, जिसके साफ कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को कहा गया।




# जिला पुरूष चिकित्सालय–जौनपुर

## इमरजेंसी कक्ष–

1. कक्ष में सफाई की व्यवस्था संतोशजनक नही पायी गयी ।
2. कक्ष में बायोमेडिकल कलर कोडेड बिंस की अनुपलब्धता पायी गयी जिसे रखवाने हेतु कहा गया।
3. आक्सीजन सिलेण्डर की लाग बुक नही थी।
4. क्रैश कार्ट ठीक तरीके से नही था जिसे ठीक करवाने हेतु कहा गया ।
5. कक्ष मे एअर कंडिशनर की व्यवस्था करने को कहा गया।
6. कक्ष मे स्टाफ द्वारा पी0पी0ई0 का प्रयोग नही किया जा रहा था।





## ओ0पी0डी0

1. ओपीडी मे साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक पायी गयी।
2. मरीजो के लिये बैठने की पर्याप्त व्यवस्था पायी गयी।
3. आई0ई0सी0 मैटीरियल की पर्याप्त व्यवस्था नही थी जिसे लगवाने हेतु हास्पिटल प्रबंधक को निर्देश दिया गया ।

## पोषण पुर्नवास केंद्र–

1. पोषण पुर्नवास केंद्र मे रसोई मे खान पान की सामग्री जमीन पर रखी हुयी थी जिसे रखने हेतु एक रैक की व्यवस्था करने के निर्देश हास्पिटल मैनेजर को दिया गया।
2. पोषण पुर्नवास केंद्र मे सफाई की व्यवस्था संतोशजनक पायी गयी जिसमे निरंतरता बनाये रखने हेतु स्टाफ को निर्देश दिया गया।
3. बच्चों को सही मात्रा में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## ओ0टी0:–

1. प्रकाश एवं सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।
2. शैडोलेश लैंप ओटी मे नही था जिसकी व्यवस्था करने हेतु ओटी इंचार्ज को निर्देश दिया गया।

## ब्लड बैंक

1. ब्लड बैंक मे सफाई की व्यवस्था पर्याप्त नही थी जिसे ठीक तरीके से कराने हेतु कहा गया
2. एअर कंडिशनर की व्यवस्था नही थी जिसकी व्यवस्था करवाने हेतु हास्पिटल प्रबंधक को निर्देश दिये गये।
3. ब्लड बैंक में मानकानुसार कक्ष निर्धारित थे। उपकरण उपलब्ध थे तथा रिकार्ड ठीक पाया गया।

हास्पिटल अपकीप–

1. पूरे चिकित्सालय परिसर की सफाई व्यवस्था देखकर सन्तोष व्यक्त किया गया।
2. प्रवेश द्वार पर कैटल ट्रैप कियाशील था।
3. पार्किंग की व्यवस्था उत्तम थी।
4. पेयजल की व्यवस्था ठीक थी,पेयजल हेतु आर0ओ0का प्रयोग किया जा रहा था।

**भ्रमणोपरांत जिलाधिकारी कार्यालय मे उनकी अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य चिकित्साधिकारी जौनपुर, मुख्य चािकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय जौनपुर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक जौनपुर डिवीजनल एवं डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी टीम के साथ उपस्थित रहे। बैठक मे निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गयीः–**

1. **जनपद मे बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण हेतु किये गये नवीन अनुबंध मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो को सम्मिलित नही किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अनुबंध मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो को सम्मिलित किये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया गया। आवष्यकतानुसार डीप बरियल पिट बनवाने हेतु निर्देशित किया गया।**
2. **सामु0स्वा0केद्र सतहरिया मे रोगियों को दवायें एवं कंज्युमेबल उपलब्ध नही कराये जा रहे हैं, उक्त के संबंध मे जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जौनपुर को सख्त कार्यवाही करते हुए समस्त सुविधायें उपलब्ध करवाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। समस्त सुविधायें उपलब्ध करवाये जाने हेतु सख्त निर्देश दिये गये ।**
3. **जनपद के किसी भी चिकित्सा इकाई पर इंजैक्शन आक्सीटोसिन, टेबलेट मीजोप्रास्ट तथा 'कैटगट' नं0 –1 उपलब्ध नही थी, जो सामान्य प्रसव हेतु अनिवार्य रूप से उपलब्ध होने चाहिए। उक्त औशधियों एवं वस्तुओंको षीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये।**
4. **चिकित्सालय मे ओ0टी0,लेबर रूम तथा वार्डो मे एयरकंडीशनर षीघ्र लगवाने हेतु निर्देशित किया गया।**
5. **जिला महिला चिकित्सालय हेतु बड़ी ऑटोक्लेव मशीन खरीदे जाने हेतु कहा गया।**
6. **चिकित्सालय की लांड्री व्यवस्था के सुदृढीकरण,स्टैच्युटरी रिक्वायरमेंट तथा जे0एस0वाई एडमिन संबंधी बजट हस्तांतरित किये जाने हेत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये। स्वच्छता संबधी राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त जनपद स्तरीय अधिकारियों चिन्हित सी.एच.सी. एवं पी.एच.सी. पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।**
7. **कायाकल्प तथा क्वालिटी एष्योरेस संबंधी बजट षीघ्र हस्तांतरित किये जाने हेत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये गये।**

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुंगराबाद शाहपुर

## इमरजेंसी कक्षः–

1. इमरजेंसी रूम के फटे हुए मैट्रस को शीघ्र ही बदलने का निर्देश दिया गया।
2. इमरजेंसी रूम में मात्र एक सी.एफ.एल लगा हुआ था। प्रकाश की समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।
3. इमरजेंसी ट्रे में रखी हुई औषधियों को उनके समाप्ति तिथि एवं मात्रा को चस्पा करने हेतु निदेर्शित किया गया तथा मानकानुसार व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. वाश बेसिन का नल ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया।





## वार्ड

1. मेल वार्ड में स्त्री व पुरूष दोनों मरीजों की उपस्थिति पाई गयी, जिसको दो भागों में विभाजित करने हेतु निर्देश दिये गये, जिससे कि निजता प्रभावित ना हो।
2. वार्ड में लगे हुए जालों तथा गन्दगी को साफ करने हेतु निर्देशित किया गया।
3. वार्ड में प्रकाश की व्यवस्था मानक के अनुरूप नहीं थी, पंखे खराब थे, जिन्हें सुधरवाने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रयोगशाला

1. प्रयोगशाला में कार्यक्षेत्र प्रबन्धन को प्रभावी करने हेतु निर्देशित किया गया।
2. प्रयोगशाला में बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु 'कलर कोडेड बिन' को रखवाने हेतु निर्देशित किया गया।
3. प्रयोगशाला में प्रकाश की व्यवस्था मानक के अनुरूप नहीं थी, पंखे खराब थे, जिन्हें ठीक करवाने हेतु निर्देशित किया गया।
4. सामान एवं उपकरण को व्यवस्थित रखने हेतु एक रैक की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।
5. स्पुटम सैंपल का सही तरीके से निस्तारण किये जाने की विधि बताते हुए कियान्वित करने हेतु निर्देश दिये गये।







## फार्मेसी स्टोर/दवा वितरण कक्ष

1. फार्मेसी स्टोर में रखे निष्प्रयोज्य सामानों को कण्डम कक्ष मे स्थानांतरित करने हेतु कहा गया।
2. 5 वर्ष से अधिक पुराने अभिलेखों को नष्ट किये जाने के निर्देश दिये गये।
3. फार्मेसी स्टोर मे दवाओं को उचित प्रकार से व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. फार्मेसी स्टोर में रखी दवाओं को लेबल लगवाकर उनकी समाप्ति तिथि के साथ सूची चस्पा करने हेतु निर्देशित किया गया।
5. जिस ट्रे को इमरजेंसी ड्रग ट्रे के रूप मे प्रयोग किया जा रहा था उसे अम्बुबैग रखने हेतु प्रयोग किये जाने को कहा गया। इमरजेंसी ट्रे मानकानुसार व्यवस्थित किये जाने हेतु डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट को निर्देशित किया गया।
6. कार्यक्षेत्र प्रबन्धन (5 एस ) को प्रभावी करने हेतु निर्देशित किया गया।
7. अलमारी में रखे अभिलेखों को नाम चस्पा करके वित्तीय वर्षानुसार रखवाने हेतु निर्देशित किया गया।
8. दीवार मे बनी खुली आलमारी मे स्लाइडिंग डोर लगवाने हेतु सुझाव दिया गया।
9. खुले एम्पुल्स को प्रयोग के बाद तुरंत निस्तारित करने हेतु निर्देश दिये गये।



## लेबर रूम–

1. डिलीवरी टेबल पर जंग लगी हुई थी, जिसे साफ कराकर पेंट करवाने हेतु निर्देश दिया गया।
2. कैलिस पैड मे आवश्यकतानुसार हवा भरकर रखने हेतु निर्देश दिये गये।
3. 7 ट्रे को मानकानुसार करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. लेबर रूम मे डिजिटल घड़ी लगवाने हेतु निर्देश दिये गये।
5. प्रकाश की व्यवस्था को मानकानुसार सुदृढ़ करवाने हेतु निर्देश दिया गया।

## जे0एस0वाई0वार्ड–

1. जे0एस0वाई0 वार्ड मे खराब पड़े पंखों को सुधरवाने हेतु निर्देशित किया गया।
2. जे0एस0वाई0/जे0एस0एस0के0 इनटाइटलमेंट्स प्रदर्शित किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।
3. शौचालय को साफ करवाने हेतु निर्देश दिया गया।
4. शौचालय मे हाउसकीपिंग चेकलिस्ट लगवाने हेतु निर्देशित किया गया।
5. प्रकाश की व्यवस्था को और भी सुदृढ़ करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

6. महिलाओं के साथ आने वाली आशाओं को निर्देश दिये गये कि वे महिलाओ को व्यक्तिगत स्वच्छता,स्तनपान,गर्भनिरोधक एवं परिवार नियोजन संबंधी जानकारी दें।
7. **आशाओं से बात करने पर यह पाया गया कि 108 एम्बुलेंस को फोन करने पर प्रायः रात में फोन रिसिव नहीं होता, जिससे गर्भवती महिलाओं को चिकित्सालय ले जाने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा दिन में भी एंबुलेंस को आने मेंएक घंटे से अधिक समय लग जाता हैं।**
8. **आशाओं की बैठक मे प्रसव पूर्व दी जाने वाली जानकारी के विशय मे पूछा गया तो आशाओं द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा महिलाओं को धनराशि की व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है जिससे आवागमन, दवाओं तथा खानपान की व्यवस्था की जा सके इस संबंध मे आशाओं को जे0एस0एस0के0 इनटाइटलमेंटस के संबंध मे जानकारी दी गयी।**

**टीकाकरण कक्ष –**

1. टीकाकरण कक्ष मे रखे 02 डीप फ्रीजर खराब थे तथा तीसरे का तापमान मानीटर अक्रियाशील था।
2. कोल्ड स्टोरेज कक्ष में खराब रखे हुये डीप फ्रीजर को सुधरवाने हेतु निर्देशित किया गया।
3. कोल्ड स्टोरेज कक्ष के खराब टुटे हुये थर्मामीटरों को बदलने हेतु कहा गया।
4. प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने हेतु कहा गया।
5. कोल्ड स्टोरेज कक्ष में खराब पड़े पंखों को सुधरवाने हेतु निर्देश दिये गये।

**पी0एच0सी0 अपकीप–**

1. परिसर मे उगे हुयी जंगली घास को साफ करवा कर पेड़ लगवाने हेतु निर्देश दिये गये। गाड़ियों को उचित स्थान निर्धारण करवा कर खडी करवाने हेतु निर्देश दिये गये।
2. हर्बल गार्डन की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया गया।
3. हास्पिटल क्वालिटी टीम का गठन तथा हास्पिटल समितियों का गठन नियमानुसार करवाने हेतु निर्देशित किया गया।
4. **पी0एच0सी0 के प्रवेश द्वार पर नाली ब्लाक थी एवं कैटल ट्राप पूरा ब्लाक था जिसे साफ करवाने हतु निर्देशित किया गया।**
5. **परिसर मे लगे हैडपंप के पास अत्यधिक जल भराव था। इसकी निकासी एवं मरम्मत हेतु निर्देश दिये गये।**
6. **परिसर मे जर्जर/परित्यक्त भवन को गिरवाने सम्बंधी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये।**

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकरारा

**इमरजेंसी कक्षः–**

1. इमरजेंसी रूम में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।
2. इमरजेंसी ट्रे में रखी हुयी औषधियों को उनके समाप्ति तिथि एवं मात्रा को चस्पा करने हेतु निदेर्शित किया गया।
3. वाश बेसिन की सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

**प्रयोगशाला**

1. प्रयोगशाला में कार्यक्षेत्र प्रबन्धन को प्रभावी करने हेतु निर्देशित किया गया।
2. प्रयोगशाला में बायोमेडिकल वेस्ट स्पुटम के सैम्पल निस्तारण हेतु कलर कोडेड बिन को रखवाने हेतु निर्देशित किया गया।
3. प्रयोगशाला में प्रकाश की व्यवस्था मानक के अनुरूप नहीं थी, पंखे खराब थे, जिन्हें सुधरवाने हेतु निर्देशित किया गया।
4. सामानों को व्यवस्थित रखने हेतु एक रैक की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।
5. एच.आई.वी किट खुले में रखी पायी गयी, जिसे फ्रिज में रखे जाने के निर्देश दिये गए तथा उपयोग के समय ही फ्रिज से निकाने हेतु कहा गया।

## फार्मेसी स्टोर/दवा वितरण कक्ष

1. फार्मेसी स्टोर में रखे दवाओं को आवश्यकतानुसार काटकर वितरण करने हेतु कहा गया।
2. फार्मेसी स्टोर में दीवारों में जो दरारें हैं उन्हें अतिशीघ्र मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया।
3. फार्मेसी स्टोर हवा के आवागमन हेतु उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. फार्मेसी स्टोर में रखी दवाओं को लेबल लगवाकर उनकी समाप्ति तिथि के साथ सूची चस्पा करने हेतु निर्देशित किया गया।
5. खुले एम्प्युल्स को प्रयोग के बाद तुरंत निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।
6. कार्यक्षेत्र प्रबन्धन को प्रभावी करने हेतु निर्देशित किया गया।
7. आलमारी में रखे अभिलेखों को नाम चस्पा करके वित्तीय वर्षानुसार रखवाने हेतु निर्देशित किया गया।

## लेबर रूम–

1. डिलीवरी टेबल को पुनः पेंट करवाने हेतु कहा गया।
2. लेबर रूम के पार्टिशन को बड़ा कराते हुए एक अतिरिक्त लेबर टेबल लगवाने हेतु कहा गया।
3. कैलिस पैड को ठीक करवाने, फुलाकर/हवा भर कर रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।
4. लेबल लगा कर उनकी समाप्ति तिथि की सूची लगवाने हेतु कहा गया ।
5. लेबर रूम मे डिजिटल घड़ी लगवाने हेतु कहा गया।
6. प्रकाश की व्यवस्था को और भी सुदृढ़ करवाने हेतु कहा गया ।
7. लेबर रूम में एल्वोटेप लगवाने हेतु कहा गया।
8. महिला के साथआने वाली आशाओं को यहा निर्देशित किया गया िकवे वह आने वाली महिलाओं को प्रसव से सम्बंधित संपूर्ण जानकारी जेसे व्यक्तिगत स्वच्छता, स्तनपान, गभनिरोध एवं परिवार नियोजन सम्बंधी जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।
9. प्रसव कक्ष में जाने हेतु दिशासूचक साइनेज लगवाने हेतु कहा गया।
10. आक्सीजन सिलेण्डर का डिस्प्ले मीटर खराब था, जिसे बनवाने हेतु निर्देशित किया गया।
11. डिलवरी टेबल का मैट्रस अत्यधिक पतला था, जिसे बदलने हेतु निर्देशित किया गया।
12. डिलवरी टेबल में लेग सपोर्ट लगवाने हेतु कहा गया।

## जे0एस0वाई0वार्ड–

1. जे0एस0वाई0 आई0ई0सी0 मैटीरियल लगवाने हेतु निर्देश दिये गये।
2. जे.एस.वाई वार्ड में खराब पड़े पंखों को सुधरवाने हेतु निर्देशित किया गया।
3. शौचालय मे गंदगी को साफ करवाने हेतु कहा गया।
4. शौचालय मे तथा वार्डों मे चेकलिस्ट लगवाने हेतु कहा गया।
5. वार्ड में लाभार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं/भुगतान की जानकारी प्रदर्शित करने हेतु कहा गया।
6. जे0एस0वाई.0 वार्ड में खराब पड़े पंखे खराब की मरम्मत हेतु निर्देशित किया गया।
7. वार्ड में हैण्ड वाशिंग व्यवस्था करवाने हेतु निर्देर्शित किया गया।

## कोल्ड स्टोरेज–

1. कोल्ड स्टोरेज मे खराब पड़े पंखों को सुधरवाने हेतु कहा गया।
2. कोल्ड स्टोरेज मे खराब रखे हुये डीप फ्रीजर को सुधरवाने हेतु कहा गया।
3. कोल्ड स्टोरेज के खराब पडें हुये थर्मामीटरों को सुधरवाने हेतु कहा गया।
4. प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने हेतु कहा गया।

## हास्पिटल अपकीप–

1. परिसर मे उगे हुयी जंगली घास को साफ करवा कर पेड़ लगवाने हेतु कहा गया।
2. गाड़ियों को उचित स्थान निर्धारण करवा कर खडी करवाने हेतु कहा गया।
3. परिसर में खुली नालियों को ढकवाने हेतु निर्देशित किया गया।
1. समस्त स्टाफ को कायाकल्प से सम्बन्धित प्रशिक्षण पुनः प्रदान करने हेतु कहा गया।

## <u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–डोभी</u>

### इमरजेंसी कक्षः–

1. इमरजेंसी रूम में प्रकाश की समुचित व्यवस्था पायी गयी एवं एल0ई0डी0 बल्ब की सुरक्षा हेतु लगाये गये जाली की सराहना की गयी। सफाई की व्यवस्था उत्तम पायी गयी।
2. आक्सीजन सिलेण्डर को आवश्यकतानुसार उचित स्थान पर रखने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे इमरजेंसी के समय तुरंत उपलब्ध हो सके।
3. इमरजेंसी कक्ष में रखे स्पिल मैनेजमेंट किट में आई शील्ड चश्में को रखने हेतु कहा गया।
4. इमरजेंसी कक्ष में लगे आई0ई0सी0 को जो कि मानकानुसार नहीं थी, को तुरन्त हटवाया गया।
5. इमरजेंसी कक्ष में रखे कलर कोटेड बिन के ढक्कन को लगवाने हेतु सुझाव दिया गया ताा बॉयामेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के अनुसार प्रोटोकॉल लगवाने हेतु निर्देशित किया गया।

### प्रयोगशाला

1. प्रयोगशाला में कार्यक्षेत्र प्रबन्धन को प्रभावी करने हेतु निर्देशित किया गया।
2. प्रयोगशाला में बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु कलर कोडेड बिन को रखवाने हेतु निर्देशित किया गया।
3. सामानों को व्यवस्थित रखने हेतु एक रैक की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट संबंधी जानकारी दी गयी तथा प्रयोग की गयी स्लाइड को विंसक्रमित कर पुनः उपयोग की विधि बताई गयी।

### फार्मेसी स्टोर/दवा वितरण कक्ष

1. फार्मेसी की साफ–सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक पायी गयी, जिसकी निरन्तरता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।
2. फार्मेसी स्टोर में पंखा लगवाने हेतु निर्देशित किया गया।
3. फार्मेसी स्टोर में रखी दवाओं को लेबल लगवाकर उनकी समाप्ति तिथि के साथ सूची चस्पा पायी गयी।
4. आलमारी में रखे अभिलेखों को नाम चस्पा करके वित्तीय वर्षानुसार रखवाने हेतु निर्देशित किया गया।
5. **फार्मेसी में उपलब्ध समस्त औषधियों का मास्टर चार्ट प्रदर्शित करने हेतु कहा गया।**
6. **फार्मेसी में रखे हेतु निष्प्रयोज्य बी0पी0 मशीन को कण्डम रूम में रखवाने हेतु कहा गया।**
7. **फार्मेसी रूम में एक फ्रिज की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।**





**डेण्टल रूम**

1. डेण्टल रूम में कलर कोटेड बिन रखवाने हेतु सलाह दी गयी।
2. हैण्डवाश हेतु लिक्वीड/सेनिटाइजर रखवाने हेतु कहा गया।
3. सफाई व्यवस्था उत्तम थी।

**एक्स–रे रूम**

1. एक्स–रे रूम में प्रोटेक्टिव शील्ड लगवाने हेतु सुझाव दिया गया।
2. एक्स–रे टेक्नीशियन को यह निर्देश दिया गया कि लेड ऐप्रन को हैंगर में लगाकर रखे तथा एक्स–रे टेक्निशियन तथा लैब टेक्निशियन को ए.ई.आर.बी. बैज लगाये जाने हेतु कहा गया।

**लेबर रूम–**

1. कैलिस पैड में हवा भरकर प्रयोग करें।
2. 7 ट्रे को लेबल लगा देखकर उसकी प्रशंसा की गयी, एवं उसकी निरंतरता बनाये रखने हेतु कहा गया।
3. लेबर रूम मे डिजिटल घड़ी देखकर सन्तोष व्यक्त किया गया।
4. प्रकाश की समुचित व्यवस्था पायी गयी।
5. लेबर रूम में एल्वोटेप लगा हुआ पाया गया, जिसकी सराहना की गयी।
6. आक्सीजन सिलेण्डर का आक्सीजन फ्लोमीटर खराब था, जिसे बनवाने हेतु निर्देशित किया गया।
7. प्रसव कक्ष में जाने हेतु दिशासूचक साइनेज लगा पाया गया।
8. इमरजेंसी ट्रे में बिछे गाज पीस को हटाने हेतु निर्देशित किया गया।
9. रेडिएन्ट वार्मर की मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया।
10. इंजे0 आक्सीटोसीन एंव मैगसल्फ की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

**ओ0टी0:–**

1. ओ0टी0 में प्रकाश एवं सफाई की व्यवस्था उत्तम थी।
2. ओ0टी0 में लगे हुए तीन टेबल में से एक को हटाने हेतु कहा गया।

**जे0एस0वाई0वार्ड–**

1. जे0एस0वाई0 आई0ई0सी0 मैटीरियल लगवाने हेतु कहा गया।
2. शौचालय मे तथा वार्डों मे चेकलिस्ट लगी पायी गयी।
3. जे0एस0वाई0 वार्ड में साफ–सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था सन्तोषजक पायी गयी।

**सी.एच.सी. अपकीप–**

1. **हर्बल गार्डेन को उसके नाम के प्रदर्शन के साथ पाया गया, जिसे देखकर सन्तोष व्यक्त किया गया।**
2. **परिसर में हरियाली की व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।**
3. **खराब पड़े हुए सामानों (टूटे हुए शैय्या, स्टैण्ड एवं आलमारी इत्यादि) का पुनः प्रयोग चिकित्सालय के सौन्दर्यीकरण में प्रयोग हुआ देखकर प्रशन्नता जाहिर की गयी, तथा यह कहा गया कि अन्य चिकित्सालयों में भी इसी प्रकार से निष्प्रयोज्य सामानों का प्रयोग किया जाय।**
4. **पूरे चिकित्सालय परिसर की सफाई व्यवस्था देखकर सन्तोष व्यक्त किया गया।**
5. **मरीजों से बात करने के उपरान्त यह पाया गया कि कर्मचारियों का व्यवहार मरीजों एवं उनके तीमारदारों के प्रति सौहार्दपूर्ण है।**
6. **बायोमेडिकल वेस्ट के कक्ष की व्यवस्था को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। स्वनिर्मित थ्री बकेट सिस्टम की व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।**

7. शार्प मैनेजमेंट हेतु पुरानी पानी की टंकी प्रयोग की जा रही थी। चारों ओर से जॉली से घिरी होने के कारण बच्चों या अन्य व्यक्तियों के प्रवेश संभावना नहीं थीं। वर्तमान में चिकित्सा इकाई के पीछे शार्प पिट बनाकर उपयोग किया जा रहा है। अतः पानी की टंकी में छत से आने वाले पाइप को कनेक्ट करके रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग हेतु सुझाव दिया गया।


















टीम के अन्य सदस्यों के द्वारा चन्दवक उपकेन्द्र का भ्रमण किया गया, तथा वहॉ पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को देखने के पश्चात सन्तोष व्यक्त किया गया, साथ ही सपोर्टिव सुपरविजन चेकलिस्ट को भी उपकेन्द्र की व्यवस्था के अनुरूप भरा गया, जो संलग्न है। इसके अतिरिक्त उसी उपकेन्द्र पर चल रहे बी0एच0एन0डी0 कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया, एवं कमियों को दूर करने हेतु उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया एवं बी0एच0एन0डी0 व्यवस्था के अनुरूप चेकलिस्ट भरा गया, जो संलग्न है।

Preeti
28.9.17
डा० प्रीति मदान
परामर्शदाता–पब्लिक हेल्थ–क्यू.ए.
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम.

Arch
28.9.17
(डा० अर्चना वर्मा)
...–क्यू०ए०
...–एन०एच०एम०